कार्य-पत्र

निर्धारित समय : 30 मिनट **पूर्णांक : 15**

नाम : .... कक्षा : .... अनुक्रमांक : .... दिनांक : ....

1. सही कथन के सामने 'हाँ' और गलत कथन के सामने 'नहीं' लिखिए। **1×5=5**

(*i*) काव्य का सौंदर्य बढ़ाने वाले और चमत्कार उत्पन्न करने वाले तत्वों को व्याकरण में अलंकार कहते हैं। ....

(*ii*) अलंकार का शाब्दिक अर्थ आभूषण होता है। ....

(*iii*) उपमा का अर्थ असमानता दिखाना होता है। ....

(*iv*) 'मानवीकरण' अलंकार अर्थालंकार के अंतर्गत आता है। ....

(*v*) सा, सी, से जैसे योजकों का प्रयोग तुलना के लिए किया जाता है। ....

2. काव्य-पंक्ति और उससे संबंधित अलंकार का सही मिलान कीजिए। **1×5=5**

(*i*) दीनबंधु दुखियों का दुख कब दूर करोगे?	(क) श्लेष अलंकार
(*ii*) हाय! फूल-सी कोमल बच्ची, हुई राख की थी ढेरी।	(ख) यमक अलंकार
(*iii*) जेते तुम तारे, तेते नभ में न तारे हैं।	(ग) रूपक अलंकार
(*iv*) मंगन को देखि पट देत बार-बार है।	(घ) उपमा अलंकार
(*v*) चरण कमल बंदौ हरिराई।	(ङ) अनुप्रास अलंकार

3. निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए। **1×5=5**

(*i*) बारे उजियारो करे, बढ़े अँधेरो होय। ....

(*ii*) युग-युग प्रतिदिन प्रतिक्षण प्रतिपल। ....

(*iii*) पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के। ....

(*iv*) इतना रोया था मैं उस दिन, ताल-तलैया सब भर डाले। ....

(*v*) पायो जी मैंने राम-रतन-धन पायो। ....

अध्यापक/अध्यापिका के हस्ताक्षर : ....